**No.10/5/(35)/2013-PG (RTI)**
**Government of India**
**Ministry of Power**
**Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg, New Delhi – 110001**
**Telefax No. 23730264**
********

Dated24th September, 2013

To,

Shri Girishanker Srivastava,
UP Agro Industrial Corporation Ltd Gorakhpur,
Near Surajkund,
P.O Goraknath, Distt Gorakhpur, UP,
Pin 273015

**Sub: Information sought for under the Right to Information Act, 2005.**

Sir,

Reference is invited to your application dated 29/8/2013 received in the M/o Power on 09/09/2013 through PMO regarding seeking details of compensation paid in connection with laying of transmission line from Balia to Salempur, Deoria to Delhi.

The information requested in your application is available with Central Electricity Authority, R.K. Puram, New Delhi and PGCIL for which your application is being transferred to them for further appropriate action.

Shri Ghanshyam Prasad, Director (PG) is the Appellate Authority, Ministry of Power, Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg, New Dehli-110001.

Yours faithfully,

(Ajay Joshi)
Under Secretary (PG) & CPIO

**Copy to**

CPIO/ Nodal Officer, RTI, PGCIL, Gurgaon along with copy of RTI application dated 29/8/2013 from Shri Girishanker Srivastava with the request that in terms of provisions of Sec 6(3) of the Act the aforesaid RTI application may be taken as transferred to provide available information to the applicant in terms of provision of the RTI Act.

Nodal Officer, RTI, CEA, R.K. Puram, New Delhi along with copy of RTI application dated 29/8/2013 from Shri Girishanker Srivastava with the request that in terms of provisions of Sec 6(3) of the Act the aforesaid RTI application may be taken as transferred to provide available information to the applicant in terms of provision of the RTI Act.

CPIO & US (RTI), MOP .

| RTI REQUEST DETAILS | | | |
|---|---|---|---|
| **Registration No. :** | POWER/R/2013/00201 | **Date of Receipt :** | 09/09/2013 |
| **Type of Receipt :** | Manually Forwarded by CAPIO of D/o Posts without Payment | **Language of Request :** | English |
| **Name :** | GIRISHANKAR SRIVASTAVA | **Gender :** | Male |
| **Address :** | U.P. AGRO INDUSTRY CORPORATION LTD.,, P.O. GHORAKNATH, U.P, Pin:273015 | | |
| **State :** | Uttar Pradesh | **Country :** | Details not provided |
| **Phone No. :** | Details not provided | **Mobile No. :** | Details not provided |
| **Email :** | Details not provided | | |
| **Status(Rural/Urban) :** | Details not provided | **Education Status :** | Details not provided |
| **Letter No. :** | Details not provided | **Letter Date :** | 29/08/2013 |
| **Is Requester Below Poverty Line ? :** | No | **Citizenship Status** | Indian |
| **Amount Paid :** | 0 | **Mode of Payment** | Details not provided. |
| **Mode(s) of information Supply :** | Hard Copy | | |
| **Does it concern the life or Liberty of a Person ? :** | No(Normal) | **Request Pertains to :** | Ajay Joshi(PG) |
| **Information Sought :** | REGARDING TRANSMISSION LINE OF BALIA | | |

Print Close

सूचना का अधिकार

# प्रधान मंत्री कार्यालय

साउथ ब्लाक, नई दिल्ली - 110 011

संख्या आरटीआई/4195/2013-पीएमआर

दिनांक: 05/09/ 2013

## कार्यालय ज्ञापन

विषय - सूचना का अधिकार के तहत आवेदन-पत्र

उपर्युक्त विषय पर श्री गिरजाशंकर श्रीवास्तव से प्राप्त दिनांक 29.8.2013 का आवेदन-पत्र, जो इस कार्यालय में दिनांक 2.9.2013 को प्राप्त हुआ है, सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 6(3) के तहत यथोचित कार्रवाई हेतु अंतरित किया जा रहा है।

2. आवेदक से आवेदन-शुल्क प्राप्त हो गई है।

Secy(P) - in m/o

DS(Grievances)

(सैयद इकराम रिज़वी)
उप सचिव एवं
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
☎: 2307 4072

SO(Grievances)

सचिव, भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
श्रमशक्ति भवन, नई दिल्ली

प्रति- (रजिस्टर्ड पोस्ट ए.डी. द्वारा)

श्री गिरजाशंकर श्रीवास्तव
द्वारा श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव
यू0पी0 एग्रो इण्डस्ट्रियल कारपोरेशन लि0
गोरखपुर, निकट सूरजकुण्ड
पोस्ट गोरखनाथ, जिला गोरखपुर
उत्तर प्रदेश - 273 015

कृपया आप इस संबंध में आगे सूचना हेतु उपरोक्त लोक प्राधिकरण से सम्पर्क करें।

O/o SECY. (P)
Dy. No. 5549
Date 6/9/13

29-8-13

# जन सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना देने के सम्बन्ध में।

4195-13 - 03 Sep 2013

4195/13

प्रेषक,

गिरजा शंकर श्रीवास्तव,
एवं
उमाशंकर श्रीवास्तव
पुत्रगण स्व0 महादेव प्रसाद
ग्राम–ठाकुर गौरी
डाकखाना–इटहुआ
तहसील–सलेमपुर
जिला–देवरिया (उ0प्र0)

पत्राचार हेतु वर्तमान पता–
गिरजाशंकर श्रीवास्तव
द्वारा – ओम प्रकाश श्रीवास्तव
यू0पी0 एग्रो इण्डस्ट्रियल
कारपोरेशन लि0 गोरखपुर
निकट–सूरजकुण्ड
डाकखाना–गोरखनाथ
पिनकोड–273015
जिला–गोरखपुर (उ0प्र0)

URGENT
Diary 11503
& Date 02/09/13
Last Date For D 07/09/13

PRIME MINISTER'S OFFICE
-2 SEP 2013
DAK SECTION

सेवा में,

जनसूचना अधिकारी,
कार्यालय
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार साउथ ब्लाक,
नई दिल्ली।

Power

विषय :–भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर सिंह जो जिला–बलिया (उ0प्र0) के निवासी थे के कार्यकाल में स्वीकृत किये गये बिजली परियोजना जो उनके ग्राम से दिल्ली तक स्वीकृत की गयी थी, से सम्बन्धित अधूरें कार्यो को जैसे–बलिया उनके ग्राम से सलेमपुर–देवरिया होते हुए दिल्ली तक इलेक्ट्रिक पोल जो वर्तमान में लगाया जा रहा है, के सम्बन्ध में।

IPO No. 69C712126-27
of ₹10/-

महोदय,

श्रीमान् का ध्यान संदर्भित विषय की ओर आकृष्ट किया जा रहा है, इस सम्बन्ध में श्रीमान् को अवगत कराना है कि याचीगण ग्राम ठाकुर गौरी डाकखाना–इटहुआ चन्दौली तहसील–सलेमपुर थाना–कोतवाली सलेमपुर जिला–देवरिया उ0प्र0 के निवासी हैं। याचीगण एक किसान है तथा कृषि उत्पादन कर अपने परिवार का भरण–पोषण करते हैं।

याचीगण के प्लाट में जिसका विवरण नीचे अंकित है काफी बड़े साइज का ऊँचे–ऊँचे पोल, भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर सिंह के ग्राम जो जिला–बलिया में स्थित है–ग्राम से गाड़ते हुए सलेमपुर, देवरिया एवं अन्य शहरो कस्बों ग्रामों से होते हुए दिल्ली तक ले जाया जा रहा है।

क्रमशः...2

38/8077

उक्त के क्रम में ही याचीगण के ग्राम–ठाकुर गौरी डाकखाना–इटहुआ चन्दौली जिला–देवरिया उ0प्र0 में भी पोल जून, जुलाई 2013 में गाड़ा गया है जिसका प्लाट नं0–33 ग्राम–ठाकुर गौरी (लाचिरागी ग्राम चकरवा) जिला–देवरिया उ0प्र0 है। इस पोल के लगने के कारण लगभग 00.0400 हेक्टेयर क्षेत्र हम किसानों का जमीन कृषि योग्य नहीं रह गया है तथा खेत में बैलो/ट्रैक्टरों में जुताई में भारी कठिनाई हो गयी है। जिसके कारण याचीगण काफी कठिनाई में पड़ गये हैं तथा कोई सम्बन्धित अधिकारी वास्तविक स्थिति नहीं बता रहा है न हम किसानों से मिलकर कोई जानकारी दे रहा है।

अतः जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार 10/– का पोस्टल आर्डर जिसका विवरण नीचे अंकित इस पत्र के साथ संलग्न किया जा रहा है। कृपया निम्न बिन्दुओ पर सूचना याची को पत्र प्राप्ति के 30 दिनों के अन्दर देने की व्यवस्था की जाय।

<u>विवरण पोस्टल आर्डर</u>

69C –712126 (5/– रू0) तथा

69C –712127 (5/– रू0)

कुल 10/– रू0

| | |
|---|---|
| बिन्दु संख्या –1 | भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर सिंह जी के ग्राम से जो विद्युत पोल लगाये जा रहें है वह किस परियोजना के तहत लगाये जा रहें सूचित किया जाय ? |
| बिन्दु संख्या –2 | पोल के लगाने में जो जमीन ली गयी है उसका मुआवजा किस दर भुगतान हेतु स्वीकृत किया गया है ? सूचित किया जाय। |
| बिन्दु संख्या –3 | स्वीकृत योजना के अनुसार किसानों से ली गयी कृषि योग्य भूमि के मुआवजे का प्रावधान निर्धारित किया गया है या नहीं ? सूचित किया जाय। |

क्रमशः...3

बिन्दु संख्या –4 निर्धारित मुआवजे का भुगतान पोल लगने से पहले क्यो नही किया गया ?

बिन्दु संख्या –5 किसाने के जमीन लेने के पूर्व केन्द्रीय सरकार द्वारा किसानों के जमीन को अधिग्रहण करने से पहले सम्बन्धित कृषकों की सहमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है....... तो संदर्भित योजना के अन्तर्गत लिये गये जमीन में पोल लगाने से पहले हम कृषको को स्वीकृति योजना की पूर्ण जानकारी क्यों नही दी गयी ? तथा हम कृषकों से जमीन लेने से पहले सहमति क्यों नही ली गयी ? सूचित किया जाय।

बिन्दु संख्या –6 स्वीकृत योजना के सम्बन्ध में जानकारी दी जाय जिससे याचीगण अगली कार्यवाही करने में सक्षम हो सकें ? स्वीकृत योजना की प्रतियाँ भी याचीगण को उपलब्ध कराया जाय।

अतः श्रीमान् जी से आग्रह है कि कृपया उक्त 6 बिन्दुओं पर सूचना पत्र प्राप्ति के 30 दिनों के अन्दर याची के वर्तमान पता जैसा कि उपर अंकित है देने की व्यवस्था की जाय जिससे अगली कार्यवाही की जा सकें।

भवदीय

(गिरिजा शंकर श्रीवास्तव) 21-8-13

द्वारा–ओम प्रकाश श्रीवास्तव

यू0पी0 एग्रो इण्डस्ट्रियल

कारपोरेशन लि0, गोरखपुर।

निकट–सूरजकुण्ड

डाकखाना–गोरखनाथ–273015

जिला–गोरखपुर। (उ0प्र0)